हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 7 जून 2025


तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 भूख हड़ताल पर बैठे जिपं सदस्य की तबियत...





14 राज्यपाल ने गोपाल वर्मा को उत्कृष्ट स्काउटर के...







## खबर संक्षेप



### मैनपुर में ईद की नमाज सुबह 8:30 बजे अदा की जाएगी

**मैनपुर।** मुस्लिम समाज मैनपुर द्वारा 7 जून को ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जायेगा। जिसके लिए मुस्लिम समाज द्वारा पिछले एक सप्ताह से तैयारी की जा रही है। मैनपुर ईदगाह की साफ सफाई कार्य किया जा चुका है। मौसम साफ रहने पर सुबह 8:00 बजे रजा मस्जिद मैनपुर से जुलुस निकालकर मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचेंगे और सुबह 8:30 बजे बजे ईद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। बारिश होने या मौसम खराब होने पर रजा मस्जिद मैनपुर में नमाज अदा किया जायेगा। उक्त जानकारी मुस्लिम समाज मैनपुर के सदर हनीफ मेमन ने दिया है।

### जिले में विधायक साहू का जनदर्शन आज

**गरियाबंद।** राजिम विधायक रोहित साहू शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में जनदर्शन कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के आम नागरिकों, ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगे सुनेंगे। उनके निज सहायक किशोर साहू ने बताया कि जनदर्शन का उद्देश्य जनता से सीधा संवाद स्थापित कर स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। जानकारी के मुताबिक वे सुबह 11 बजे से जनदर्शन की शुरवात करेगे। दोपहर 1:30 बजे तक जनसमस्या सुनेंगे। ज्ञात हो कि विधायक रोहित साहू पहली बार जिला मुख्यालय गरियाबंद में विशेष जनदर्शन आयोजित कर रहे है। कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी बात रखें। विधायक साहू ने भी कहा कि जनता की भागीदारी और संवाद से ही क्षेत्रीय समस्याओं का निराकरण हो सकता है।



### हामंडलेश्वर के सानिध्य में परिक्रमा यात्रा 12 व 13 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम कुटेना(पाण्डुका) के महंत महामंडलेश्वर संत श्री गोवर्धन शरण महाराज के पावन सानिध्य एवं राजीवलोचन जिला मानस गरियाबन्द के तत्वावधान में दो दिवसीय, द्वितीय वर्ष पैरी-परिक्रमा-यात्रा का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 जून को आयोजित है। यात्रा प्रारंभ चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम से सुबह 8 बजे होगा। यह यात्रा मोटरसाइकिल, कार एवं अन्य वाहनों से होगी। समयानुसार नास्ता एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी। एवं जितने भी श्रद्धालु भक्तजन इस यात्रा में सम्मिलित होंगे। वह इस भव्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़ कर भाग ले सकते हैं। यह यात्रा निशुल्क है किंतु आपको अपने साधन वाहन एवं पेट्रोल, डीजल की व्यवस्था स्वयं करनी है। सुबह 7:30 बजे आश्रम में उपस्थिति प्रदान करनी होगी।सुबह नाश्ता एवं समयानुसार भोजन की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। पूरी यात्रा 150 से 180 किलो मीटर का होगा। बीच-बीच में प्रमुख धार्मिक स्थलों में ठहराव होगा एवं व्यवस्था अनुरूप भजन, सत्संग, मानसगान का कार्यक्रम होगा। यात्रा सिरकट्टी आश्रम से शुरु होकर पैरी नदी को दाहिना ▶▶|शेष पेज 12 पर



# जिला अस्पताल की रेफर सेंटर की छवि बदलने प्रशासन ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बरसों से अव्यवस्थाओं का पर्याय बन चुका गरियाबंद जिला अस्पताल एक बार फिर सुर्खियों में है। जनता के बीच अब तक यह अस्पताल अपनी सेवाओं से कम और रेफर सेंटर के नाम से ज्यादा पहचाना जाता रहा है। बीते वर्षों में हजारों मरीजों को बेहतर इलाज की आस में यहां से रायपुर और महासमुंद रेफर कर दिया गया वह भी तब, जब जिला अस्पताल में संसाधन और डॉक्टर दोनों मौजूद हैं, लेकिन व्यवस्थाओं का टोटा है। फिलहाल अस्पताल में काम कर रहे डॉक्टरों में असंतोष की लहर है। कारण है तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला सलाहकार सृष्टि यदु जो कि वर्तमान सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु की बहन हैं। डॉक्टरों का आरोप है कि वह खुद को सुपर सीएमएचओ की भूमिका में पेश कर रही हैं, जिससे अस्पताल के नियमित कार्यों में हस्तक्षेप हो रहा है। इससे न केवल डॉक्टरों का मनोबल टूट रहा है, बल्कि प्रशासनिक संचालन भी प्रभावित हो रहा है। अब जिला प्रशासन ने इस बदहाल व्यवस्था को पटरी पर लाने की ठानी है। कलेक्टर बी.एस. उइके ने जिला अस्पताल में मॉनिटरिंग को मजबूत करने के लिए सप्ताह के सातों दिन के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं, जो अस्पताल की ओपीडी, डॉक्टरों की उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, उपकरणों की स्थिति, साफ-सफाई, पानी, और मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की जांच करेंगे।

## जिला अस्पताल में सुधार की तैयारी तेज, हर दिन एक अधिकारी रखेगा नजर

### सप्ताहवार निगरानी व्यवस्था इस प्रकार होगी

**सोमवार:** जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम
**मंगलवार:** अपर कलेक्टर प्रकाश सिंह राजपूत
**बुधवार:** डिप्टी कलेक्टर अरविंद पांडे
**गुरुवार:** अपर कलेक्टर नवीन भगत
**शुक्रवार:** एसडीएम ऋषा ठाकुर
**शनिवार:** डिप्टी कलेक्टर रामसिंह सोरी
**रविवार:** तहसीलदार मयंक अग्रवाल




### जनता की उम्मीदें जागी, लेकिन सवाल कायम

प्रशासन की इस ताजा पहल से एक बार फिर उम्मीद की किरण दिखी है कि शायद अब "रेफर सेंटर" की जगह यह अस्पताल "इलाज केंद्र" के रूप में पहचाना जाएगा। लेकिन सवाल यह भी है क्या केवल अधिकारियों की निगरानी से सालों की जमी अव्यवस्था खत्म हो पाएगी? और क्या अस्पताल के भीतर चल रहे 'अदृश्य नियंत्रण' और राजनीतिक संरक्षण को भी चुनौती दी जाएगी? एक्शन नहीं तो फिर से रिएक्शन। गरियाबंद की जनता और मरीज अब केवल आश्वासन नहीं, बदलाव की प्रत्यक्ष तस्वीर देखना चाहती है। अगर यह प्रयोग भी पूर्ववर्तियों की तरह कागजों में ही दम तोड़ गया, तो जिला अस्पताल/" फिर से रेफर अस्पताल कहलाने को मजबूर रहेगा।

## विडंबना : सार्वजनिक शौचालयों की बदहाली, स्वच्छ भारत मिशन को लगा पलीता

# बाहर चमक-दमक और अंदर बदहाल शौचालय निर्माण में लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर पंचायत में लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए सामुदायिक शौचालय रखरखाव और उपयोग के अभाव में खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना, जिसका उद्देश्य लोगों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाना और उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना था, धरातल पर तो उतरी लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। छुरा विकासखंड में वर्ष 2021-22 में 74 ग्राम पंचायतों में 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से शौचालयों के निर्माण को स्वीकृति मिली थी। इस योजना को अमलीजामा पहनाने की जिम्मेदारी सरकार ने जिला पंचायत को दी थी, जिसने जनपद पंचायत को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया. जनपद पंचायत ने निर्माण का जिम्मा सरपंच और ग्राम पंचायत सचिवों को सौंपा। हालांकि, जिम्मेदारों द्वारा सही ढंग से मॉनिटरिंग न किए जाने के कारण तीन साल बीत जाने ▶▶|शेष पेज 12 पर



### सीईओ छुरा ने दिए जांच के आदेश

इस मामले पर जब छुरा के सीईओ सतीश चंद्रवंशी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वे जल्द ही रिपोर्ट मंगवाकर मामले की जांच करवाएंगे। अब देखना यह है कि जांच के बाद इन बदहाल शौचालयों की स्थिति में सुधार आता है या नहीं और क्या ग्रामीण खुले में शौच जाने की मजबूरी से निजात पा पाते हैं। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना तभी सफल मानी जाएगी जब इसका वास्तविक लाभ आम जनता तक पहुंचे और सभी ग्रामीण खुले में शौच मुक्त हो सकें।



### निगरानी और रखरखाव का अभाव

स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने इन शौचालयों की यह दुर्दशा मुख्य रूप से निगरानी और रखरखाव के अभाव का परिणाम है। निर्माण की जिम्मेदारी लेने वाले सरपंच और सचिवों द्वारा उचित मॉनिटरिंग न होने से कई शौचालय आज भी अधूरे पड़े हैं। जो पूर्ण हुए भी हैं, वे पानी की कमी, गंदगी और ताले लगे होने के कारण अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। सरकार की ओर से लाखों का बजट पानी की तरह बहाया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाया. इससे न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण अभियान को भी पलीता लग रहा है।

## दूसरी पत्नी को नहीं मिला पैसा, लगाई गुहार

# सौतन की सजा...महतारी वंदन से गरियाबंद इलाके की 100 महिलाएं गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महतारी वंदन योजना में लाभ पाने से कई महिलाएं वंचित हो गई हैं। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के राजिम, फिंगेश्वर और देवभोग, मैनपुर जैसे क्षेत्रों में 100 से अधिक ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां महिलाओं को सिर्फ इसलिए योजना से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि उनके पति ने दूसरी शादी कर ली है। गरियाबंद जिले में प्रशासन को एक आवेदन लिखा गया है, जिसमें एक पति ने अपनी दूसरी पत्नी को योजना का लाभ दिलाने के लिए खुद प्रशासन से गुहार लगाई है। पंडरीपानी निवासी तुलेश साहू ने 27 मार्च को परियोजना अधिकारी को दिए आवेदन में लिखा है कि पहली पत्नी को योजना का लाभ मिल रहा है, लेकिन दूसरी पत्नी को नहीं मिल पा रहा। उन्होंने मांग की है कि दूसरी पत्नी को भी 1000 रुपए प्रतिमाह की सहायता दी जाए।

### कइयों ने कर रखा है एक से अधिक विवाह

महिला एवं बाल विकास विभाग के मुताबिक इस प्रकार के मामले अधिकतर मैदानी इलाकों से सामने आए हैं, जहां बहुपत्नी प्रथा अभी भी सामाजिक रूप से प्रचलित है। इसके चलते कई वैध पत्नियों को योजना से वंचित किया गया है। एक पीड़िता ने बताया कि उसने सभी दस्तावेजों के साथ आवेदन किया था, लेकिन यह कहकर निरस्त कर दिया गया कि उसके पति की दूसरी पत्नी भी है।

### पति के फैसले की सजा पत्नी को

जानकारी के अनुसार दूसरी शादी करने वाले पुरुषों के कारण कई वैध पत्नियों को महतारी वंदन योजना से बाहर कर दिया गया है। कुछ मामलों में तो महिलाओं ने दोबारा आवेदन कर खुद को पात्र बताया है, लेकिन उन्हें केवल इस आधार पर योजना से वंचित कर दिया गया कि उनके पति ने दूसरी शादी कर ली है। **दूसरी शादी वैध नहीं-** जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय का कहना है, हिंदू धर्म के अनुसार एक पुरुष को एक ही पत्नी रखने का अधिकार है। दूसरी शादी वैध नहीं मानी जाती। ऐसी स्थिति में पात्रता पर सवाल उठते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यदि दूसरी शादी अवैध है, तो प्रशासन द्वारा उस पर कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। और क्यों सजा उस महिला को दी जा रही है, जो पहली और वैध पत्नी है।

# कबीर जयंती महोत्सव आज व कल मुख्यमंत्री साय होंगे मुख्य अतिथि





**नवापारा-राजिम।** सोनपैरी आश्रम में 7 जून को कबीर जयंती महोत्सव का शुभारंभ राष्ट्रीय संत असंगदेव साहेब जी के सानिध्य में दीप प्रज्वलन के साथ ही केंद्रीय मंत्री तोखन साहू करने जा रहे है। 7 जून को विशेष रूप से राज्य के डिप्टी सीएम अरूण साव मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने क्षेत्र के लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होवें। बताया कि प्रादेशिक कबीर जयंती महोत्सव व गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन कल 8 जून को राज्य के सीएम विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरूण साव,डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कथा स्थल असंग आश्रम सोनपैरी में होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम की पूरी तैयारी आश्रम में वाटरप्रुफ डोम बनाकर लाइटिंग कर ली गई है।

### युवराज पांडेय का मैनपुर में भव्य स्वागत 9 जून को

**मैनपुर।** प्रदेश के गौरव, माटी पुत्र एवं राष्ट्रीय कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय का कथा वर्त्तमान समय में मध्यप्रदेश में चल रहा है और वहां समस्त मध्यप्रदेशवासियों का अपार जनसैलाब भाव विभोर होकर कथा सुन रहे हैं। कथा मध्यप्रदेश मे गूंज रहा है अपना कथा समापन करके पंडित श्री युवराज पाण्डेय 8 जून को छत्तीसगढ़ प्रवेश करेंगे जिसके उपलक्ष्य में गुरुजी का भव्य स्वागत 8 जून को गरियाबंद जिले में कई ग्रामों में किया जायेगा। वहीं 09 जून सोमवार को धवलपुर, मैनपुर नगर में भी भव्य स्वागत की तैयारी किया जा रहा है। पंडित युवराज पाण्डेय की स्वागत को लेकर श्रीराम ▶▶|शेष पेज 12 पर



# गंभीर रूप से घायल हुए वेदप्रकाश के इलाज के लिए जुटाए 50 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

ग्राम सेंदर में मानवता और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए ग्रामीणों ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले वेदप्रकाश साहू के इलाज के लिए लगभग 50,000 हजार रुपए की राशि स्वेच्छा से दान स्वरूप एकत्र की है।

वेदप्रकाश साहू इस समय काडला बर्न यूनिट में गंभीर अवस्था में भर्ती हैं। उनके इलाज पर भारी खर्च आने के कारण गांववासियों ने निस्वार्थ भाव से आर्थिक सहायता जुटाने का बीड़ा उठाया। यह पहल न केवल मानवीय मूल्यों का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकजुटता का भी सशक्त उदाहरण है। ग्रामीणों द्वारा एकत्रित राशि मोहन साहू को पीड़ित परिवार की ओर से सौंप दी गई है। इस सहायता से वेदप्रकाश को बेहतर इलाज मिल सकेगा और उनके परिवार को कुछ राहत मिलेगी।

पूर्व सरपंच व सामाजिक कार्यकर्ता रामाधार साहू ने इस अवसर पर कहा, मानवता का यही अर्थ है दया, परोपकार और सामाजिक जिम्मेदारी निभाना। जब कोई पीड़ा में हो, तब समाज का एकजुट होना सबसे बड़ा धर्म है। इस पहल में ग्राम सेंदर के युवा, महिला, वरिष्ठ नागरिकों का विशेष योगदान रहा। सहयोग के लिए आगे आए प्रमुख नामों में अश्वनी साहू, योगेश देवांगन, कमल ▶▶|शेष पेज 12 पर



## जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मनाया गया गया दाई-बबा हेल्थ मेला दिवस

# हेल्थ मेला में हजारों लोगों का किया स्वास्थ्य जांच व दवाइयों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जनसामन्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा वयोवृद्धजनों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाले हेल्थ मेला अंतर्गत बुधवार 04 जून को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल के निर्देशन तथा डीएचओ सह जिला नोडल अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत जांगडे व जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) श्री गनपत कुमार नायक के नेतृत्व में ''दाई-बबा'' दिवस के लिए निर्धारित थीम- हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर पर मनाते हुए समुदाय स्तर में वयोवृद्धजनों के सम्मान व स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल संबंधी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (महिला एवं पुरूष), ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला एवं पुरूष) तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिनों के द्वारा परिवाजनों एवं बच्चों को अपने बुजुर्ग दादा-दादी, नाना-नानी को उक्त स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य जांच हेतु अवश्य लाने के लिए प्रेरित करते हुए ''दाई-बबा'' दिवस के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।




**39 बुजुर्गो का वयोवंदन कार्ड निर्माण व केवायसी-** दाई-बबा दिवस पर जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में वयोवृद्धजनों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर बुजुर्ग स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियों का अयोजन करते हुए 3 हजार 632 का मधुमेह जांच, 3 हजार 728 का उच्च रक्तचाप जांच, 1 हजार 337 का मोतियाबिंद जांच, 2 हजार 466 का मुख स्वास्थ्य जांच, 1 हजार 266 का नाक-कान-गला की जांच, 2 हजार 91 का मानसिक स्वास्थ्य जांच, 2 हजार 283 बुजुर्गो को येलो कार्ड वितरण किया गया तथा 39 बुजुर्गो का वयोवंदन कार्ड निर्माण व केवायसी किया गया।

# चूल्हा बेचने आया युवक छेड़छाड़ मामले में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ महिला से छेड़छाड़ कर फरार होने के बाद मैनपुर पुलिस ने धर दबोचा

जिले के मैनपुर क्षेत्र में एक महिला के साथ सनसनी खेज छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। गैस चुल्हा बेचने के नाम पर महिला को अकेला पाकर युवक के द्वारा छेड़छाड़ किया जा रहा था। महिला ने दरवाजा बंद कर इसकी सूचना फोन के माध्यम से अपनी पति को दिया। आरोपी युवक फरार हो गया लेकिन मैनपुर पुलिस ने पूरी मुस्तैदी के साथ आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार मामले का विवरण इस प्रकार है कि 06 जून को ग्राम छुईहा कालोनी से एक महिला ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मै चावल सुखा कर छत से उतर रही थी तभी मेरे रूम के सामने एक अंजान व्यक्ति गैस ▶▶|शेष पेज 12 पर



खबर संक्षेप

## बिजली कर्मचारियों को मिलेगा 10 लाख दुर्घटना बीमा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बिजली कर्मचारियों के लिए दुर्घटना बीमा का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत 33/11 केवी. उपकेंद्र में कार्य करने वाले सब स्टेशन ऑपरेटर को नई निविदा में 10 लाख का कवरेज दिया जाएगा। 27 जनवरी को विद्युत ठेका श्रमिक संघ ने छत्तीसगढ़ शासन, विद्युत कंपनी और श्रम आयुक्त से मांग की थी, जिसे नई निविदा प्रणाली में शामिल किया गया है। इस नई सुविधा के लिए आभार व्यक्त करने संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू ने विद्युत वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंग कंवर से मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही विद्युत कंपनी में कार्य कर रहे सभी ठेका कर्मचारियों के होने वाले सभी निविदा में 10 लाख का बीमा लागू करने की भी मांग की है। कार्य के दौरान 1500 उपकेंद्र में ठेका कर्मियों को दुर्घटना के अंतर्गत 10 लाख के बीमा की नई सुविधा ठेके में दी जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में एलायड सर्विसेस से बनेंगे दो आईएएस

**रायपुर।** प्रदेश में गैर राज्य प्रशासनिक सेवा (जिसे एलायड सर्विसेस कहा जाता है) से आईएएस कैडर के रिक्त दो पद पर पदोन्नति के लिए राज्य शासन ने सभी विभागों से दावेदार अफसरों से 6 जून तक आवेदन मांगे हैं। बताया जाता है कि एलायड सर्विस से आईएएस बने दो अफसर शारदा वर्मा और अनुराग पांडेय सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस आधार पर राज्य में दो पद इस सर्विस से भरे जाएंगे। इन पदों के लिए वित्त, शिक्षा पीडब्लूडी, पीएचई, उद्योग, कृषि जनसंपर्क जैसे विभागों के अफसर अपनी दावेदारी कर सकते हैं। बताया जाता हैं कि सभी विभागों से आवेदन आने के बाद उच्च स्तरीय कमेटी आवेदनों का परीक्षण कर अंतिम रूप से नाम तय करेगी। इन नामों को डीओपीटी भेजा जाएगा।

## देशभर के आदिवासी लेखक जुटेंगे राजधानी में

**रायपुर।** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली (भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय) और अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्त्वावधान में दो दिवसीय अखिल भारतीय आदिवासी लेखक सम्मेलन का आयोजन 7-8 जून को रायपुर के नवीन विश्राम भवन, सिविल लाइंस में होगा। इसमें देशभर के आदिवासी लेखक जुटेंगे। शनिवार के उद्घाटन सत्र में साहित्य अकादमी नई दिल्ली के अध्यक्ष माघव कौशिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वक्ता प्रख्यात लोकसाहित्यविद् महेंद्र कुमार मिश्र रहेंगे। मुख्य अतिथि शशांक शर्मा, साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद एवं अध्यक्षता केशरीलाल वर्मा, कुलपति, छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय करेंगे। पहले दिन के प्रयम सत्र में संस्कृति के संरक्षण में जनजातीय भाषाओं का महत्व विषय पर एक आलेख पाठ होगा, जिसमें आलेख-पाठ करेंगे वी. रामकोटि, माधुरी यादव, उपेंद्र अणु। इस सत्र की अध्यक्षता विवेक आचार्य, संस्कृति विभाग के संचालक करेंगे।

# रेडक्रास बना अस्थाई कोर्ट, 22 प्रकरणों में हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर का कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष गुरुवार को अस्थाई कोर्ट में बदल गया। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आई राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. रहाटकर ने यहां जनसुनवाई की, जिसमें रायपुर पुलिस द्वारा सौंपे गए महिला उत्पीड़न से संबंधित 22 प्रकरणों के प्रतिवेदन पर सुनवाई की गई। इस सुनवाई के दौरान महिला आयोग की राष्ट्रीय सदस्य ममता कुमारी, रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह, बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी, राज्य महिला आयोग के सदस्य, विभिन्न विभागों तथा पुलिस विभाग के अधिकारी सहित संबंधित प्रकरणों के पक्षकारों के साथ अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

*मानसिक प्रताड़ना, शारीरिक शोषण सहित कई प्रकरणों पर की सुनवाई*
*राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई में मानसिक प्रताड़ना, शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण, अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी सहित विभिन्न प्रकरणों में आवेदकों और अनावेदकों को पेश किया गया। आयोग की अध्यक्ष ने पेश किए गए प्रकरणों में से कई प्रकरण में आवेदक और अनावेदकों के पक्ष सुनने के बाद आदेश भी जारी किए हैं।*



*बीपीओ सेंटर का किया निरीक्षण: आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने जनसुनवाई के बाद कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग) केंद्र का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बीपीओ में संचालित कार्य प्रणाली को जाना और समझा। इस दौरान उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के गीदम से आकर यहां कार्यरत निधि पूर्ति से विशेष रूप से बातचीत करते हुए उनकी प्रशंसा की और कहा कि एक छोटे से गांव से आकर राजधानी में काम करना गांव की दूसरी लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत है।*

## रहाटकर ने मुख्यमंत्री से की भेंट

अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयोग अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह नंदी भेंटकर सम्मानित किया। सौजन्य मुलाकात के दौरान महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और विधायक विक्रम उसेंडी भी उपस्थित रहे।

## किरणमयी नायक ने पौधा देकर किया स्वागत

महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर का प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने नवा रायपुर स्थित नया सर्किट हाउस में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पौधा देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्य महिला आयोग की कार्य की जानकारी ली और कहा कि राज्य महिला आयोग बहुत अच्छे तरीके से समस्याओं का समाधान कर रहा है।

## निगम कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

# जोन कार्यालय में तोड़फोड़, निगम कर्मियों के साथ मारपीट पर बिफरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मोहबा बाजार स्थित जोन 8 कार्यालय में हुई तोड़फोड़ और निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना के विरोध में गुरुवार को निगम कर्मचारियों का गुस्सा जमकर फूटा। निगम मुख्यालय में इस घटना के विरोध में अपर आयुक्त, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, उपअभियंता से लेकर सभी कर्मचारियों ने काम बंद-कलम बंद कर विरोध जताया। घटना को शर्मनाक और निंदनीय बताते हुए कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग की है। लामबंद कर्मचारी-अधिकारियों ने महात्मा गांधी सदन से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च कर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

- काम बंद कलम बंद कर प्रदर्शन, निगम मुख्यालय से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च

निगम मुख्यालय में एकजुट हुए कर्मचारी अधिकारियों की सभा को संबोधित करते हुए जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने कहा, चौखट से लेकर मरघट तक हमको काम करना पड़ता है। मूंछ वालों से लेकर पहुंच वालों तक का हमें काम करना पड़ता है, अगर हम प्रदर्शन नहीं करेंगे, तो हमें हमेशा रोना पड़ेगा। श्री पांडेका यह गुस्सा एक दिन पूर्व जोन 8 कार्यालय में हुई घटना को लेकर फूटा। इस मौके पर जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने कहा कि जोन दफ्तर में हंगामा, तोड़फोड़ और कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना शर्मनाक है। यह एक उकसाने वाली घटना है, जिसका पुरजोर विरोध करते हैं। हमें एकजुट होकर इसका जवाब देना होगा। जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने कहा कि पूर्व में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिस ऐसी घटनाओं को रोकने एक पालिसी बनाई जाये। इस पालिसी में जिसमें जिला प्रशासन का मजिस्ट्रेट लेवल का अधिकारी अतिक्रमण हटाओ दस्ता के साथ रहे।

### सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

एक दिन पूर्व टाटीबंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान अवैध तरीके से गुमटी में संचालित भोजनालय हटाने से नाराज महिला उसके बेटे-बेटियों ने जोन 8 में रखे वाहनों और आफिस में तोड़फोड़ कर हंगामा किया। पुलिस ने जब उन्हें रोकने की कोशिश, तो जवानों के साथ धक्का-मुक्की की गयी। साथ ही महिला पुलिस कर्मचारियों से मारपीट की। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर महिला पिंकी ठाकुर, बेटे शिवम और बेटी शिवानी ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसी घटना के विरोध में कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय में सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में अपर आयुक्त, उपायुक्त, जोन कमिश्नर, असिस्टेंट इंजीनियर, जेई समेत तमाम कर्मचारियों ने काम बंद कलम बंद करते धरना-प्रदर्शन कर एकजुटता दिखाई। महापौर मीनल चौबे के शहर से बाहर होने और निगम आयुक्त विश्वदीप के निगम मुख्यालय में नहीं होने की वजह से निगम कर्मचारियों की उनसे मुलाकात नहीं हो पायी।

### महापौर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

घटना को लेकर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने निंदा प्रस्ताव पारित कर शासन, प्रशासन महापौर को ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया। इसमें गुंडागर्दी करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के साथ भविष्य में सुरक्षा के साथ ही कार्रवाई किए जाने का मांग रखी गई। विरोध प्रदर्शन में नगर निगम कर्मचारी अधिकारी एकता संघ के संरक्षक संतोष पांडे, विवेकानंद दुबे, अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष श्याम सोनी, मोहित कुमार, संगठन प्रतिनिधि यूएस अग्रवाल,उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, योगेश कडू, नगरनिगम प्लेसमेंट कर्मचारी संघ अध्यक्ष संघ अध्यक्ष संजय ऐडे,खेमूलाल निषाद सचिव, उपाध्यक्ष अजीत कसार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद अध्यक्ष के नेतृत्व में विस अध्यक्ष डॉ. रमन से की मुलाकात...



**मैनपुर।** जनपद पंचायत मैनपुर के अध्यक्ष मोहना नेताम के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजधानी रायपुर में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हे क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत करया और मैनपुर आने का निमंत्रण दिया है। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदनी नेताम, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल एवं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## इंद्रजीत माहड़िक ने निज निवास में लगाए पौधे



**कोपरा।** जिला पंचायत क्षेत्र तीन के युवा सदस्य इंद्रजीत माहड़िक ने विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर पौधारोपण किया गया। गुरुवार को अपने निज निवास ग्राम लोहरसी में निवास परिसर के चारों ओर पेड़ पौधे लगाए और उसकी उचित देख रेख भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम पिछले दो से तीन वर्ष से पेड़ पौधे लगा रहे हैं। और उसकी हर उत्तम देखभाल कर रहे हैं पेड़ लगाना हमारे जीवन के लिए बहुत लाभदायक और महत्वपूर्ण है हर व्यक्ति को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए और अपने घर के आसपास एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए ताकि उसे हमें शुद्ध हवा मिल सके और गर्मी के दिनों में छांव मिल सके। इस दौरान रोशन साहू, कोमल ठाकुर, चुन्नी साहू, अशोक ध्रुव, माधव यादव, राजकुमार यादव, सूर्यश, संजू, नूतन तिवारी मौजूद थे।

# अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी आज देंगे जिला मुख्यालयों में धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन

छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के स्कूलों के सफाई कर्मचारी अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर 6 जून को सभी जिला मुख्यालयों में धरना देंगे। साथ ही जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे। अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालिक कर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान और युक्ति युक्त करण के तहत प्रभावित स्कूल सफाई कर्मचारियों को संबंधित स्कूलों में समायोजन की मांग की जायेगी। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्य करने वाले 43,301 अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों अपने 2 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 3 चरणों में आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराने धरना प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद कर रहे हैं।

### प्रति माह महज 3000 से 3400 रुपये मानदेय

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 15 साल से काम कर रहे अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को उनके काम के एवज में प्रतिमाह केवल 3 हजार रुपये लेकर 3400 रुपए तक मानदेय दिया जाता है। जो इस महंगाई के दौर में बहुत कम है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीव वर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था, पर सरकार बने 18 माह होने के बाद भी मांग पूरी नहीं हो पायी। इससे कर्मचारियों को रोजी-रोजी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर युक्ति युक्त करण के तहत एक शाला दूसरे शाला में मर्ज करने पर स्कूली सफाई कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। 15 साल तक स्कूलों में सेवा देने के बाद कर्मचारियों की उम्र 40 से 50 वर्ष हो चुकी है। अब इन कर्मचारियों को दूसरी नौकरी में फार्म भरने का उम्र भी पार हो चुका है। इसलिए युक्ति युक्त करण न किया जाये।

## उपाध्यक्ष कुलेश्वर ने प्रभारी मंत्री दयाल दास से मुलाकात की ...



**गरियाबंद।** जिले के जनपद पंचायत छुरा के उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल से रायपुर निवास पहुंचकर सौजन्य मुलाक़ात किया और क्षेत्र के समस्याओ से अवगत कराया, इस दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू भी मौजूद रहे।

## सिख फोरम के अध्यक्ष और डीपीएस के चेयरमैन भाटिया से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा ने बुधवार को छत्तीसगढ़ सिख फोरम के अध्यक्ष व डीपीएस के चेयरमैन बलदेव सिंग भाटिया से सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री छाबड़ा ने शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर श्री भाटिया को सम्मानित किया। इस मौके पर आयोग अध्यक्ष और सिख फोरम अध्यक्ष के बीच हुई वार्तालाप के दौरान सिख समाज के सर्वांगीण उत्थान एवं महत्वपूर्ण कार्यों को सक्रियता से किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज के युवाओं को रोजगारोन्मुखी स्मार्ट स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने तथा आईएएस-आईपीएस की तैयारी कर रहे युवाओं को कोचिंग व अन्य सुविधाएं प्रदान करने पर जोर दिया गया। वहीं गुरु तेगबहादुरजी के आगामी 350वें सालाना शहीदी पर्व को पूरे छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के अनेक कार्यों के साथ ऐतिहासिक व भव्य रूप से मनाए जाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। फोरम अध्यक्ष श्री भाटिया ने आयोग अध्यक्ष श्री छाबड़ा को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का की बात कही।

## नीम, जामुन व फलदार पौधे का किया रोपण

**कोपरा।** ग्राम पाण्डुका के वार्ड क्रमांक 01 के महिलाओं ने पौधारोपण किया। जिसमें नीम, जामुन के फलदार पौधे लगाया। पौधारोपण कार्य में भोज ध्रुव पंच, ओमप्रभा साहू, पुष्पा निर्मलकर, गोंदा बाई यादव, पिंकी दीप, जानकी बाई, प्रियंका साहू सहित अन्य महिलाएं सम्मिलित हुई।



## महादेव घाट रोड में देर रात युवक युवतियों के बीच जूतमपैजार

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के महादेव घाट रोड में बीच सड़क पर युवक, युवतियों के बीच जमकर लात, घूंसे चले। मारपीट का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। घटना की अब तक किसी भी पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। वीडियो सामने आने पर पुलिस अपने स्तर पर युवक, युवतियों की पहचान करने की कोशिश में जुटी हुई है। आपस में झगड़ा करने वालों की पुलिस को अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है। सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसके मुताबिक तीन से चार लड़कियों के एक ग्रुप को कुछ लड़के रोक कर उनके साथ छेड़खानी करने लगते हैं। इस दौरान एक युवक की लड़कियां कालर पकड़कर उसकी पिटाई करने लगती हैं।

पेज 11 के शेष...

### बाहर चमक-दमक...

के बाद भी अधिकतर शौचालय या तो अपूर्ण हैं या फिर पूर्ण होने के बाद भी उन पर ताले लटके हुए हैं।

**ग्राम कुडेरादादर का हाल बेहाल**-इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कुडेरादादर में बनाए गए सामुदायिक शौचालय का हाल सबसे बुरा है। बाहर से देखने पर यह चकाचक लगता है, लेकिन अंदर की हकीकत कुछ और ही बयां करती है। शौचालय के भीतर गंदगी का आलम है और पानी की व्यवस्था न होने के कारण यह उपयोग लायक नहीं बचा है। यही वजह है कि ग्रामीण आज भी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। यह स्थिति केवल कुडेरादादर तक सीमित नहीं है, बल्कि छुरा विकासखंड के अधिकांश गांवों में यही कहानी दोहराई जा रही है। कई ग्राम पंचायतों में शौचालय तो बन गए हैं, लेकिन पानी की व्यवस्था न होने के कारण उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद ये सार्वजनिक शौचालय ग्रामीणों के किसी काम के नहीं आ रहे हैं।

### युवराज पांडेय का ...

सेना हिन्दु संगठन एवं हरदीभाठा द्वारा बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से तिजे"वर सोनवानी, सुनील साहू, मनोज निर्मलकर, कोमल साहू, सवितानंद साहू, डोमार पटेल,मुरारी पटेल, पुष्पेन्द्र पटेल, उमेन्द्र निर्मलकर, मुकुंद निर्मलकर, नंदकिशोर पटेल, रोशन पटेल, वरूण पटेल, योगेश निषाद, युशु शर्मा, दिपेन्द्र साहू, गौरव सिन्हा, मनिश वि"वकर्मा, तिलेश्वर निर्मलकर, कौंसिक पटेल, देवेन्द्र साहू, गगन निर्मलकर, कन्हैया निर्मलकर, भुपति सोनवानी, हेमेन्द्र पटेल, गोविंद पटेल, शेखर पटेल, गौकरण यादव, चन्द्रशेखर निर्मलकर, दुलेन्द्र निर्मलकर, मनीश निर्मलकर, अरूण पटेल, कोविद पटेल, चानंद पटेल, कोमल पटेल, किर्ति पटेल, मिमांशु पटेल, एवं युवाओं का बैठक आयोजित किया जिसमें निर्णय लिया गया कि मैनपुर गायत्री मंदिर के पास महराज जी का स्वागत कर विश्रामगृह तक किया जायेगा।

### गंभीर रूप से...

ध्रुव, सरपंच गामनी राकेश घृतलहरे, चिमन साहू, तुलसी वर्मा, जितेन्द्र, शेखर, रिंकु, टोमू मतावले, रूपेश, मुकुंद, टेमन, होरीलाल, धनी सेन सहित कई अन्य ग्रामवासी शामिल रहे। इस घटना ने साबित कर दिया कि जब समाज एकजुट होता है, तो सबसे बड़ी विपत्ति को भी साथ मिलकर हराया जा सकता है।

### हामंडलेश्वर के सानिध्य...

रखकर, पांडुका, मालगांव, कोचवाय मदनपुर, होते हुए पैरी उदगम भाठीगढ़ (भोजन विश्राम) ततपश्चात धवलपुर होते हुए भूतेश्वर नाथ (मानस गान,भोजन एवं रात्रि विश्राम) प्रातः7 से 8 बजे भूतेश्वर नाथ से मधुबन धाम, लोमश ऋषि आश्रम, राजीवलोचन मंदिर राजीम, कोपेश्वर महादेव कोपरा होते हुए सिरकट्टी आश्रम में समापन होगा। इच्छुक सहयोग प्रदान कर सकते है। एवं पैरी परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम का जिम्मेदारी संपर्क पुरुषोत्तम चंद्राकर, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, आनंद राम साहू हैं यह जानकारी स्वयं महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण व्यास चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम ने दिया है।

### चूल्हा बेचने आया...

चूल्हा लेकर खड़ा हुआ था जो गैस चूल्हा लेने के लिए बार-बार दबाव डाल रहा था जिसे मेरे द्वारा मना करने पर फ्रि में देने की बात कही गई मना किया गया व नाम पता पूछने पर अपना नाम इरफान बताया और आरोपी द्वारा घर में कौन-कौन है पूछने से मेरे द्वारा कोई नहीं है और मुझे नहीं खरीदना है कहने पर मेरे हाथ एवं कमर पकड़ कर जबरदस्ती छेडछाड करने की कोशिश करते ही मै छुड़ाकर रूम के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर दिया और घटना के संबंध में फोन करके अपने पति को बताया। उसके बाद युवक फरार हो गया जिसकी शिकायत मैनपुर थाना में किया गया। लिखित आवेदन पर अपराध क्रमांक 62/25 धारा 74 बीएनएस कायम कर विवेचना दौरान आरोपी इरफान मीर पिता रिफाकत मीर उम्र 35 साल साकिन गरही हसनपुर झीझाना शामली उत्तर प्रदेश के विरूद्ध पर्याप्त सबुत पाये जाने से आरोपी को विधिवत दिनांक 6 जून को 16:10 बजे गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से परिजन को गिरफ्तारी की सुचना दिया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मैनपुर शिवशंकर हुर्रा, उपनिरी. ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल, सउनि नकूल सिंह सिदार, प्रआर. 456 प्रहलाद थानापति, आर. 747 कोमल धृतलहरे, आर. 262 यादराम पटेल, आर. 697 प्रवीण वर्मा, आर. 689 विमल लकडा, आर. 594 राजेश धुर्वे मआर. 501 धनेश्वरी साहू का सराहनीय योगदान रहा है।

# रूठा मानसून... एक सप्ताह के लिए भूल जाइए बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मई में मानसून आगमन का जश्न मना रहे लोगों को अब गर्मी परेशान करने लगी है। ये हालात आने वाले एक सप्ताह तक बने रह सकते हैं। मानसूनी हवा की स्थिति को आने वाले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना कम ही है। इस दौरान हल्की बारिश या बूंदाबांदी की ही स्थिति निर्मित होगी। दंतेवाड़ा में मानसून कुछ और दिनों तक रूका रहेगा। वर्तमान सप्ताह में इसके रायपुर पहुंचने की संभावना अत्यंत कम है। गुरुवार को प्रदेश के किसी भी स्थान पर बारिश दर्ज नहीं की गई। वर्षा के आंकड़े निरंक रहे। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबादी अवश्य हुई, लेकिन इससे भी तापमान में विशेष राहत नहीं मिल सकी। रायपुर में दोपहर बाद आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। इस कारण उमस भरी गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ा।

- रायपुर का तापमान पहुंचा 38 डिग्री पर, गुरुवार शुष्क रहा प्रदेश



### 38.2 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म

रायपुर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.7 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री कम 27.7 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म दुर्ग रहा। यहां का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 20.7 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आने वाले 5 दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री वृद्धि की उम्मीद जताई है। 48 घंटे बार रायपुर सहित प्रदेश के कुछ अन्य जिलों में मेघ गर्जन गतिविधि हो सकती है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगी।

खबर संक्षेप

## कृषि कॉलेज फिंगेश्वर में वृक्षारोपण विद्यार्थियों ने लिया संरक्षण का संकल्प



**फिंगेश्वर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कर समाज को हरियाली की दिशा में प्रेरित किया। छात्रों एवं छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में तथा एनएसएस प्रभारी डॉ. ओमेश ठाकुर के संचालन में संपन्न हुआ। डॉ. ठाकुर ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, वृक्षों का रोपण न केवल पर्यावरण को संतुलित करता है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु और हरित वातावरण का उपहार भी है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राए, अधिकारीगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

## समाजसेवी एवं गौ सेवक स्व. रामजीलाल को दी श्रद्धांजलि



**राजिम।** पूर्व कैबिनेट मंत्री सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता समाज सेवा के प्रतीक गौ सेवक वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय रामजीलाल अग्रवाल को हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने राजिम क्षेत्र के जिला भाजपा गरियाबंद के पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र राजू सोनकर, साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा सहित अनेकों कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे।

## जेंजरा सोसायटी में पौधारोपण



**राजिम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जेंजरा सोसायटी में पौधारोपण किया गया। जिसमें विशेष रूप से प्राधिकृत अधिकारी महेश कुमार साहू, प्रभारी प्रबंधक गिरजा शंकर, पारस वर्मा, केशव साहू, चुम्मन साहू, रामस्वरूप यदु, मनीराम कंवर, उपसरपंच प्रमोद साहू, झंगुराम साहू, पवन साहू मौजूद थे।

## फार्म एंड रिसर्च सेंटर से 20 हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम सिंधौरी स्थित फार्म एंड रिसर्च सेंटर से 20 हजार रुपए के सामान की चोरी हो गई। पटेवा पुलिस को प्रार्थी पंकज पिता ओम प्रकाश वस्त्राकर ग्राम चौकबेड़ा ने बताया कि वह बालाजी फार्म एंड रिसर्च सेंटर ग्राम सिंधौरी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हूं । 26 मई को शाम 5:30 बजे छुट्टी होने के बाद ऑफिस के क्वाटर में चला गया, उसके बाद रात को अगेश्वर पिता मुनिचंद मांझी और धनेश पिता जीवनलाल यादव नाईट ड्यूटी पर थे। 30 मई की दोपहर 3:30 बजे हरेंद्र पिता हिम्मत ध्रुव दाना बनाने के लिए ग्लैंडर मशीन को लाने गया तब उसने चिक्स कैच सेड पर जाकर देखा तो वहां ग्लैंडर मशीन 1 नग, वाशिंग स्प्रे 3 एचपी 1 नग, 3 कोर 2.5 एमएम के 400 फीट केबल, स्प्रे पाईप 250 फीट लंबा, बोल्टिंग मशीन 1 नग समान कुल कीमत 20000 रुपए वहां पर मौजूद नहीं थे, उक्त सभी सामान को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# युक्तियुक्तकरण से दूरस्थ अंचलों में लौटी शिक्षा की रौशनी, शिक्षक संगठनों में विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

वर्षों से शिक्षकों की कमी झेल रहे गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचल अंचलों में अब युक्तियुक्तकरण की बदौलत शिक्षा की लौ फिर से जलने लगी है। शासन के निर्देश पर जिले में शिक्षकों का व्यापक युक्तियुक्तकरण करते हुए अतिशेष शिक्षकों की ओपन काउंसलिंग के जरिए उन्हें रिक्त विद्यालयों में पदस्थ किया गया। इस पहल से न केवल शिक्षकों की कमी पूरी हुई है, बल्कि अब कोई भी शाला शिक्षकविहीन नहीं बची है। युक्तियुक्तकरण से पूर्व मैनपुर ब्लॉक में 6 शिक्षकविहीन और 69 एकल शिक्षकीय शालाएं थीं, जिनमें अब मात्र 13 शालाएं एकल शिक्षकीय रह गई हैं। वहीं देवभोग ब्लॉक की तस्वीर तो पूरी तरह बदल गई है जहां पहले 4 शिक्षकविहीन और 30 एकल शिक्षक शालाएं थीं, अब वहां कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन या एकल शिक्षकीय नहीं है। यह बदलाव फिंगेश्वर ब्लॉक के ई संवर्ग के अतिशेष शिक्षकों के कुशल समायोजन से संभव हुआ। विशेष रूप से देवभोग के 6 हाई स्कूल, जो केवल एक-एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे थे, अब पूर्ण शिक्षकीय स्टाफ से सुसज्जित हैं।

**छुरा बीईओ पर कार्रवाई अटकी-** छुरा ब्लॉक में गड़बड़ी के आरोपों के बावजूद अब तक संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कल तक बीईओ को निलंबित करने की बात हवा में थी, लेकिन आज तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ। इससे शिक्षक समुदाय में नाराजगी और प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं।

## युक्तियुक्तकरण : मैनपुर और देवभोग के हालात में ऐतिहासिक सुधार




### कुल्हाड़ीघाट, नकबेल, गोबरा, सहेबिनकच्छार जैसे गांवों में पहुंची शिक्षा

दूरस्थ और उपेक्षित गांवों जैसे कुल्हाड़ीघाट, नकबेल, गोबरा, सहेबिनकच्छार आदि में अब शिक्षक पदस्थ हो चुके हैं। इन गांवों में वर्षों से शिक्षा व्यवस्था सिर्फ नाम की थी। शिक्षक नियुक्ति होने के बावजूद उपस्थिति नहीं हो पाती थी। लेकिन युक्तियुक्तकरण से अब वहां बच्चों को नियमित शिक्षक मिलने लगे हैं। जहां एक ओर इस प्रक्रिया से प्रशासन और अभिभावकों में संतोष की लहर है, वहीं दूसरी ओर शिक्षक संगठनों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। कई शिक्षकों ने आरोप लगाए हैं कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता का घोर अभाव रहा। एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, /"चहेते शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग देने के लिए रिक्त पदों को छुपा दिया गया, और बाद में दिखाकर गुपचुप तरीके से पोस्टिंग दे दी गई। इसमें लेन-देन भी खूब हुआ।

## हड़ताल : एसडीएम ने दिलाया भरोसा, जूस पिलाकर भूख हड़ताल खत्म कराई

# भूख हड़ताल पर बैठे जिपं सदस्य की तबियत बिगड़ी, 3 दिनों से किया अन्न-जल का त्याग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर एसडीएम कार्यालय के सामने नेशनल हाईवे 130 सी किनारे मैनपुर क्षेत्र के मूलभुत समस्याएं पेयजल, सड़क, बिजली, शिक्षा, अस्पतालत, सिंचाईं जैसे समस्याओं के समाधान को लेकर पिछले तीन दिनो से बगैर कुछ खाना पानी के भुख हड़ताल में बैठे जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय नेताम की तबियत अचानक बिगड़ गई जिसे प्रशासन ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया अस्पताल में डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण किया और जांच करने पर संजय नेताम का बीपी शुगर बेहद कम हो गया है साथ ही बेहद कमजोरी के कारण उन्हें डॉक्टरों ने आज सुबह ही भूख हड़ताल समाप्त करने की अपील किया था बावजूद इसके भीषण गर्मी में भुख हड़ताल कर रहे संजय नेताम तीसरे दिन शुक्रवार को सुबह से धरना प्रदर्शन स्थल पर जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम के साथ अपना भुख हड़ताल जारी रखा है।

भुख हड़ताल के समर्थन में आज शुक्रवार को राजापड़ाव गौरगांव उदंती अभ्यारण एवं अमलीपदर क्षेत्र सहित गरियाबंद जिले के विभिन्न ग्रामो से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण देर रात तक पहुंचते रहे है धरना प्रदर्शन भुख हड़ताल स्थल पर भरी भीड़ लगी हुई है और उनके समर्थन में जमकर नारेबाजी किया जा रहा है पुलिस के जवान एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला तैनात किया गया है। मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ. जोगी ने बताया भुख हड़ताल में बैठे जिला पंचायत संजय नेताम का बी पी शुगर कम हो गई है कमजोरी आ गई है उन्हे भुख हड़ताल समाप्त करने का निवेदन किया गया लेकिन उन्होने इंकार कर दिया।

**स्कूल भवनों को जून में ही पूरा करेंगे-** जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम एवं लोकेश्वरी नेताम ने कहा की गरियाबंद कलेक्टर के द्वारा कई समस्याओं का तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया गया है अस्पताल में डॉक्टर की व्यवस्था राजापड़ाव गौरगाव क्षेत्र में आने-जाने के लिए अभी बारिश में अस्थाई रपटा एवं अधूरे स्कूल भवनों को जून माह में ही पूरा करने का आश्वासन दिया गया है साथ ही एक प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से मिलने का आश्वासन दिया गया है इसके बाद यहां आंदोलन को समाप्त नहीं किया गया है बल्कि स्थगित किया जाता है।






### मांग पूरी करने का दिया आश्वासन

मैनपुर एसडीएम पंकज डहरे ने बताया पिछले तीन दिनों से जिला पंचायत सदस्य भूख हड़ताल कर रहे थे कई बार उन्हें मनाने की कोशिश भी किया गया लेकिन उन्होंने अपना भूख हड़ताल जारी रखा। शुक्रवार रात को उनके जो भी मांग था जिसमें जिसे तत्काल पूरा किया जा सकता था उसे पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। मैनपुर अस्पताल में तीन डॉक्टरों का रेगुलर व्यवस्था किया गया है साथ ही पुल- पुलिया सड़क बिजली कार्य जो टेंडर प्रक्रिया में है उसे टेंडर के बाद जल्द पूरा किया जाएगा। बारिश से पहले क्षेत्र के अधूरे स्कूलों भवनों का निर्माण कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। नहीं तो ठेकेदारों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से समय लेकर मुलाकात कराई जाएगी। ये आश्वासन के बाद जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम एवं लोकेश्वरी नेताम ने अपना भूख हड़ताल समाप्त कर दिए हैं।

### एसडीएम ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल तुड़वाई

मैनपुर क्षेत्र के 10 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से बगैर खाना पानी के भूख हड़ताल कर रहे जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम एवं जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम की पाल-पाल की जानकारी स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लिया जा रहा था और तो और भूख हड़ताल स्थल पर पुलिस के बल और डॉक्टरों की टीम तैनात किया गया था आज शुक्रवार को गरियाबंद कलेक्टर द्वारा कई समस्याओं के तत्काल समाधान करने के आश्वासन के साथ ही प्रतिनिधिमंडल को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात करवाने के आश्वासन के बाद देर शाम रात 8:30 बजे के आसपास मैनपुर एसडीएम पंकज डहरे ने जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम एवं लोकेश्वरी नेताम को अपने हाथों से जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाई इस दौरान उपस्थित भीड़ में संजय नेताम एवं लोकेश्वरी नेताम को फूल माला से स्वागत किया और कहा आप लोग क्षेत्र के समस्याओं के लिए पिछले तीन दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे निश्चित रूप से इसका लाभ आने वाले समय में इस क्षेत्र में देखने को मिलेगा, ज्ञात हो कि जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम एवं लोकेश्वरी नेताम क्षेत्र के प्रमुख मांग सिंचाई सुविधा, गांव में बिजली लगाने, सड़क, स्वास्थ्य, डॉक्टर, पेयजल, षिक्षक, स्कूल, पुल पुलिया की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहे थे।

## सुपरवाइजर की बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम मौलीमुड़ा से एक सुपरवाइजर की बाइक चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पुरूषोत्तम साहू ने बताया कि वह एनएच रोड कार्य में सुपरवाईजर के पद पर काम करता हैं और वर्तमान में ग्राम मौलीमुडा में किराये के मकान में रहता है। 5 जून को उसने अपनी बाइक सीजी 06 जीएच 5101 को रात्रि 2.30 बजे संतोष चंद्राकर के किराये के मकान के सामने मेन रोड ग्राम मौलीमुडा में खड़ी किया था, सुबह 5 बजे उठकर देखा तो बाइक वहां नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## बड़े भाई से मारपीट

**महासमुंद।** बड़े भाई से मारपीट करने के मामले में सांकरा पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को वृंदावन साहू पिता भारत साहू (38 साल) निवासी पाटनदादर ने बताया कि 4 जून की रात करीबन 9 बजे उसका छोटा भाई खिरोद साहू उसके पिता से गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया। इसी बात को लेकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते आरोपी ने हाथ मुक्काएवं लकड़ी से मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# कोदोबतर सरपंच ने विधायक रोहित से विकास कार्यों की स्वीकृति मांगी

**गरियाबंद।** ग्राम पंचायत कोदोबतर के सरपंच नागेंद्र कुमार ध्रुव एवं उप सरपंच और पंचों ने राजिम विधायक रोहित साहू से ग्राम में आवश्यक विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। सरपंच द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि पंचायत अंतर्गत कई स्थानों पर सड़क की अनुपलब्धता के कारण आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विकासखंड गरियाबंद के अंतर्गत आने वाले इस ग्राम में प्राथमिकता के आधार पर तीन मुख्य कार्यों के लिए स्वीकृति की मांग की गई है:

मुख्य मार्ग से कब्रिस्तान तक सीसी रोड निर्माण अनुमानित लागत 5 लाख। मुख्य मार्ग से गोवर्धन मरकाम के घर तक सीसी रोड निर्माणअनुमानित लागत 3 लाख। हेमलाल घर से विलास घर तक पक्की नाली निर्माण अनुमानित लागतः 10 लाख। इन कार्यों के लिए कुल 18 लाख की स्वीकृति की मांग की गई है, ताकि ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें।

सरपंच ने निवेदन किया है कि विधायक अपने विधायक निधि या अन्य संसाधनों से इन कार्यों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करें ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।



# प्रकृति की रक्षा करना हमारा प्रथम दायित्व : इंद्रकुमार



**नवापारा-राजिम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने पौधारोपण किया। विधायक श्री साहू ने कार्यालय परिसर में नीम का पौधा लगाकर सभी नागरिकों को पौधा रोपने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा सहित पार्षदगण उपस्थित थे। श्री साहू ने कहा कि पेड़ प्रकृति की अमूल्य देन है। प्रकृति की रक्षा करना हमारा प्रथम दायित्व है। जलवायु परिवर्तन के अनेक दुष्परिणाम सामने आने लगे है। इसलिए खाली स्थानों को चिन्हित कर वृक्षारोपण करना आवश्यक है। आगामी महीनों में छत्तीसगढ़ सरकार वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण की कार्ययोजना बना रही है। हम सभी को भी अपने घर, बाड़ी एवं अन्य खुले स्थानों पर वृक्ष लगाकर प्रकृति के संतुलन के लिए कार्य करना चाहिए।

# वृक्ष हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्णः सोमनाथ पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शासकीय राम विशाल उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम आत्मानंद स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम से शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, संजीव साहू, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने माँ के नाम से वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सोमनाथ पटेल ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, साथ ही वृक्ष पर्यावरण का अनिवार्य हिस्सा है, धरती पर पेड़ों और पौधों के अस्तित्व के बिना मनुष्य और जानवरों की तथा अन्य प्रजातियों का अस्तित्व संभव नहीं है। वृक्षारोपण के बुनियादी लाभो में से एक यह है कि यह हमें ऑक्सीजन देता है, तथा कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ बनाने का कार्य करती है, इसके अलावा फल फूल लकड़ी, छाया आदि हमें पेड़ों से ही प्राप्त होता है। इसलिए हम सबको ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाना चाहिए। शाला प्रबंधन समिति के सदस्य संजीव साहू ने कहा कि पेड़ों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, मनुष्य पशु पक्षी के बिना जीवित नहीं रह सकते, साथ ही वर्षा के लिए भी वृक्ष अति आवश्यक है, इसलिए हम सबको वृक्षारोपण करना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षकों मे कैलाश साहू, विक्रम ठाकुर, नारायण साहू, साक्षी चंद्राकर सहित अनेक शिक्षक गण व छात्र -छात्राएं शामिल हुए।



## बिजली मड़वाडिहि में राज्यपाल ने दिखाई विकास की राह

# बदलेगा गांव का स्वरूप : राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

राज्यपाल श्री रमेन डेका अपने दो दिवसीय जिला प्रवास कार्यक्रम के दूसरे दिन अपने गोद ग्राम पंचायत बिजली के आश्रित गांव मड़वाडीह गुरूवार को सुबह पहुंचे। उन्होंने स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर एक पेड़ मां के नाम में आम का पौधा रोपण किया और जार से जल सिंचित किया गया। उनके साथ राजिम विधायक रोहित साहू, सरपंच बिजली पदमा निषाद ने भी पौधा रोपण किया गया। राज्यपाल ने लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण के बचाव के लिए सभी लोगों से अभियान के तहत वृक्षारोपण करने की अपील की। राज्यपाल कार्यक्रम में गांव के सरपंच बिजली पदमा मोती निषाद, उपसरपंच तोषण पटेल,पंच कुमारी पटेल अवध पटेल, सरस्वती यदू, गणेशिया यादव,धनराज साहू, विमला ढीढी, चेमिन साहू, डोमन साहू, कुमारी निषाद, घनश्याम, गायत्री,

साथ में जनपद सभापति फिंगेश्वर नंदू यादव बिजली एवं ग्रामीणों से स्वच्छता, जल बचाव, शिक्षा अन्य आवश्यक विषय पर चर्चा की। बताया कि पहले मडवाडिही गोद ग्राम में लिया गया था अब इसके ग्राम पंचायत मुख्यालय बिजली ग्राम को जोड़ा गया है। राज्यपाल ने जिला प्रशासन से कहा कि बिजली ग्राम पंचायत को माडल आर्दश बनाए जाने की मंशा का साफ किया।

**मेहनत और समयदान से पंचायत को संवारूंगी-** सरपंच बिजली पदमा निषाद ने कहा कि राज्यपाल रेमन डेका का आगमन बिजली मडवाडिही क्षेत्र को गौरवान्वित करती हैं। विश्वास दिलाना चाहती हूं कि उनके मंशानुरूप इस पंचायत का स्वरूप ढालने हर प्रयास, मेहनत, समयदान करूगीं। उन्होंने राज्यपाल को पुनः और पधारने का आग्रह किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, राज्यपाल के सचिव सीआर प्रसन्ना, कलेक्टर बी एस उईके, एसपी निखिल राखेचा, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत ,जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी ओमकार साहू, भाजपा नेता राजू साहू, ग्राम पंचायत बिजली की सरपंच पदमा निषाद, मोती निषाद, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीष साहू, भाजपा नेता किशोर साहू, खोरबाहरा निषाद, दिलिप, जनपद सभापति नंदू यादव, भाजपा नेता पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू रहे।



# श्यामनगर में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित संस्था श्यामनगर के समर्पण ग्रुप एवं पंचायत पदाधिकारियो ने मुक्तिधाम परिसर में वृक्षारोपण किया। ग्रुप के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और प्रत्येक लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। इस मौके पर समिति के सदस्य व पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि पेड़ सिर्फ पर्यावरण को ठीक रखने का तरीका नहीं है, बल्कि ये हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक सुरक्षित भविष्य की नींव भी हैं। उन्होंने लोगों से हर साल कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। समर्पण ग्रुप के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूक होने से समाज में अच्छा संदेश जाता है। हमारी संस्था द्वारा विगत दस वर्षों से लगातार स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है और जन-जन को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराया जा रहा है। उपसरपंच वामन निर्मलकर ने कहा कि पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सभी लोग बढ़चढ़ कर भाग लें और एक पेड़ मां के नाम अभियान को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने और ग्राम पंचायत को हरिहर ग्राम बनाने बीच-बीच में वृक्षारोपण करते रहने की बात कही। इस दौरान चितरंजन साहू, नेहरू साहू, मनोज साहू, कोमल साहू प्रमोद साहू, पवन साहू, रंजीत पटेल, डॉ. डीके डड़सेना, घनश्याम साहू, संतोष साहू, विपिन साहू सहित पंचायत पदाधिकारी, सदस्यों ने भी पौधे लगाए। पर्यावरण को बचाने के लिए अपनी जिम्मेदारी दिखाई और सभी लोगों ने पौधों की देखभाल करने का वादा किया।



## खबर संक्षेप

### मुड़ागांव में पौधा लगाकर लिया संरक्षण का शपथ



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मुड़ागांव में विकासखंड स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत प्रांगन में पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, उत्तरा पटेल सभापति, गोदावरी दीवान सरपंच, पीलू यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सीईओ सतीश चंद्रवंशी, मनरेगा पीओ कंवर, कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### लोहझर में किया गया पौधारोपण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत लोहझर में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर मां के नाम से छायादार एवं फलदार वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच यशवंत ठाकुर ,पंचगण राहुल मिरी, पुरुषोत्तम गिरी, मनी राम ध्रुव, हेमू पटेल, खम्भन नागेश, घनश्याम ध्रुव, भारत बंदे, अरुण ठाकुर, दीपा बाई, संगीता बंजारे, संगीता कंकड़े, जगती बाई, पार्वती बाई सहित ग्रामवासीयों का सहयोग रहा।

### नवागांव स्कूल परिसर में किया गया पौधरोपण

**महासमुंद।** 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय पूर्व माशा एवं प्राशा नवागांव संकुल पटेवा में एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम को लेकर स्कूल परिसर में नीम, आवला, गुलमोहर, करन, आम एवं अन्य प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नवागांव के सरपंच पार्वती पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष पूरन लाल निषाद, अशोक पटेल, प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू, नरेश्वर डडसेना, इको क्लब प्रभारी शिक्षक मेमन चंद्राकर, अमर साहू, अमृतलाल निषाद, नन्द कुमार कोसरे, आशीष ध्रुव, सफाई कर्मचारी खेमलाल सिन्हा उपस्थित थे। शाला के छात्र प्रेरणा निर्मलकर, जया पटेल, हिना बरिहा, गौरव निर्मलकर, कमलेश ध्रुव, पुलकित निषाद, रूद्र प्रताप का प्रमुख योगदान रहा।

## निधन

### मेहत्तर लाल साहू

**राजिम।** कुम्ही के पूर्व सरपंच मेहत्तर साहू उम्र 92 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कुम्ही में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वे फुलेश्वरी बाई साहू के पति एवं सुरेंद्र साहू (पूर्व सरपंच) कोमल नारायण, केवल साहू के पिता थे।



**निरीक्षण :** कलेक्टर ने छुरा ब्लॉक के विभिन्न गांवों में पहुंचकर निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्यों पर रखें निगरानी, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : कलेक्टर उईके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कलेक्टर बीएस उईके ने विकासखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान के तहत बनाये जा रहे सड़क एवं प्रधानमंत्री जनमन अंतर्गत प्रधामंत्री आवास निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान के तहत रवेली से कमारटोला मार्ग पर बनाये गये 1.20 किलोमीटर डामरीकृत सड़क निर्माण के कार्यो का अवालेकन किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़क में कुछ खामियां मिलने पर उसे सुधारकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिये। इसी तरह मड़ेली से कमारपारा में 600 मीटर का सीसी रोड का भी निरीक्षण किया। फिंगेश्वरी से तालाबपारा में बनाये गये 750 मीटर के डामरीकृत सड़क निर्माण, नवापारा बी से कमारपारा तक 1.65 किलोमीटर एवं अकलवारा से कमारपारा तक 1.125 किलोमीटर के डामरीकृत सड़क का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण सड़कों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से होना चाहिए, ताकि स्थानीय नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें एवं मानकों से कोई समझौता नहीं की जाएगी, लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई होगी। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के बन जाने से अब उन्हें आवाजाही सहित अन्य कार्यो के लिए सहुलियत होगी। साथ ही उनका समय बचेगा।



### पीएम आवास के तहत बने रहे घरों का किया अवलोकन

इसके अलावा कलेक्टर श्री उईके ने ग्राम रवेली एवं ग्राम फिंगेश्वरी में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बन रहे घरों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रगति, योजना के तहत पात्र-अपात्र हितग्राहियों की जानकारी ली और अब तक बन चुके आवास तथा उनके भुगतान आदि की जानकारी उपस्थित अधिकारियों से ली। इस दौरान कलेक्टर ने गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी की उपलब्धता, पेयजल की नियमित आपूर्ति सहित जल स्त्रोत की उपलब्धता सहित राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पेंशन, केसीसी सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की।



### घर के बाहर बनाएं सोखता गड्ढा

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्राम रवेली की हितग्राही दुलारी कमार, बुधराम कमार एवं ग्राम फिंगेश्वरी के गैंदीबाई कमार के घर भी पहुंचे और घर निर्माण की गुणवत्ता देखी और घर के बाहर सोखता गड्ढा बनाने के लिए भी कहा। हितग्राहियों ने कलेक्टर को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उसका घर स्वीकृत हुआ है। योजना अंतर्गत उन्होंने अपने मकान को छत लेबल तक पूरा कर लिया है। कुछ ही दिनों में उनका घर पूरी तरह बनकर तैयार हो जायेगा। कलेक्टर ने उक्त कार्य को शीघ्रता से पूरा करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नवीन भगत, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सब इंजीनियर विनय विरवानी, सीईओ सतीश चन्द्रवंशी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# राज्यपाल ने गोपाल वर्मा को उत्कृष्ट स्काउटर के रूप में किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सेवानिवृत्त व्याख्याता गोपाल वर्मा को छग के महामहिम राज्यपाल के करकमलों से उत्कृष्ट स्काउटर का सम्मान प्राप्त हुआ। स्काउटिंग गाइडिंग में विशिष्ट कार्य करने तथा इस क्षेत्र में छात्र छात्राओं को राज्यपाल अवार्ड दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही है। पूर्व में स्काउटिंग के क्षेत्र में 30 वर्षों तक दीर्घकालीन सेवा के लिए तत्कालीन राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के हाथों दीर्घकालीन सेवा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। सन 2019 में शिक्षकीय जीवन में विशेष कार्य जैसे बेहतर परीक्षा परिणाम, वृक्षारोपण, पर्यावरण सुधार, जल संरक्षण,सामाजिक धार्मिक कार्यों में विशेष सहभागिता सकता लिए राज्यपाल अनुसुईया उइके के हाथों 'राज्य पुरस्कार शिक्षक सम्मान' से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस प्रकार तीन बार राज्यपाल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। उनके इस सफलता पर जिला स्काउट संघ रायपुर तथा कूर्मि समाज के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।



### अकलवारा के सचिव का किया गया सम्मान

**छुरा।** पंचायत अकलवारा के नए पंचायत सचिव घनश्याम यदु एवं पंचायत सचिव धनेश साहू को सम्मान श्रीफल से सम्मानित किया गया। सरपंच गोवर्धन दीवान, उपसरपंच उर्मिला निषाद, रोजगार सहायक लाकेश कुमार आडवानी, कम्प्यूटर आपरेटर सीताराम सेन, पंचायत चपरासी बरातू साहू एवं पंचगण सुहागाबाई दीवान, टिकेश्वरी टांडी, हराबाई दीवान, दुलारी बाई दीवान, हीरोबाई ठाकुर, पन्नालाल दीवान, राधिका बाई निषाद की गरिमामय उपस्थिति रही।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे एसपी राखेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के अमलीपदर इलाके के नक्सल प्रभावित ग्रामों में शुक्रवार को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा पहुंचकर ग्रामीणों से उनका हालचाल जाना। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के सामने खुलकर अपने बातों को रखा पुलिस के बड़े अफसर को पाकर ग्रामीण काफी खुश नजर आए। ज्ञात हो कि सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा अपने टीम के साथ थाना अमलीपदर क्षेत्रतंर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम हथलासरगी व खोलबहाल के ग्रामीणों के बीच बैठ कर उनकी समस्याएं सुनी। गांव के प्रमुखों, युवाओं एवं महिलाओं से बातचीत किये बातचीत के दौरान वहां के लोगों के द्वारा मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, स्कूल, भवन आदि के संबंध में समस्या पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखे। पुलिस अधीक्षक के द्वारा संबंधित विभाग के प्रमुखों से बात कर शीघ्र मूलभूत सुविधा दिलाए जाने के संबंध में आश्वासन दिये। इस बीच पुलिस अधीक्षक एवं टीम के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के समान विवरण किये। ग्रामीण एवं बच्चे पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर काफी प्रसन्न हुए। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान पामप्लेट वितरण किये जिसमें शासन के आत्मसमर्पण निती के तहत जो नक्सली अपने परिवार एवं समाज से बिछड कर हिंसा को अपनाएं है उनके लिए के एक संदेश है कि वे अपने और साथियों की तरह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर मूलभूत सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपने परिवार के साथ एक खुशहाल जिन्दगी बिता सकते है। आत्मसमर्पण करने से स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण की सुविधा, निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, आवास की सुविधा, शासकीय नौकरी के साथ अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकता है। पुलिस कप्तान निखिल राखेचा ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सुदूर अंचल में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अपने परिवार के साथ जीवन व्यतित कर रहे है उन सभी तक शासन के योजनाओं को पहुचा कर लाभ दिलाना है।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर ग्रामीणों से की चर्चा



# सैकड़ों श्रद्धालु अच्छी बारिश की कामना लेकर पहुंचे छिन्दालाई माता के दरबार

**छिन्दालाई माता की जात्रा में निकाली गई देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर क्षेत्र की प्रसिद्ध धार्मिक आस्था का केंद्र मां छिन्दालाई माता की जात्रा शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुई। प्रतिवर्ष ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में आयोजित होने वाली इस जात्रा में इस वर्ष भी क्षेत्र के 52 ग्रामों से सैकड़ों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।

श्रद्धालुओं ने छिन्दालाई माता के दरबार में पहुँचकर क्षेत्र में अच्छी बारिश, समृद्ध फसल, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मां छिन्दालाई की पूजा विधिवत झांकर पुजारी और ग्राम के पटेलों द्वारा कराई गई। श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था अनुसार बकरा व मुर्गा की बलि भी अर्पित की। स्थानीय मान्यता है कि मां छिन्दालाई की जात्रा के बाद क्षेत्र में बारिश की शुरुआत होती है, जिसे लोग माता के आशीर्वाद के रूप में मानते हैं। यह परंपरा राजवाड़ा काल से चली आ रही है और आज भी पूरी श्रद्धा से निभाई जा रही है। जात्रा के दौरान देवी-देवताओं की पारंपरिक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन चुका है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरिशचंद नेगी, आशाराम यादव, प्रेमसाय जगत, छबी दिवान, गंगाराम जगत, थानूराम पटेल, यमराज, पवन दिवान, महेंद्र नेताम सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और ग्रामीण श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।



### जेंजरा में लगाए गए फलदार पौधे

**कोपरा।** गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत जेंजरा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांव के गलियों व तालाबों तथा स्कूल परिसर मे फलदार छायादार वृक्ष रोपण किया गया। स्वच्छ भारत हरित भारत अभियान के तहत नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाया गया। इस दौरान जनपद सदस्य हीरामणी हुलास साहू, सरपंच बोधन राम यदु, उपसरपंच प्रमोद कुमार साहू, पुरन्दर साहू रामेश्वर, ललित नन्दनी साहू, भोज साहू, पूर्णिमा साहू, गीता बाई ध्रुव, झांसी कंवर, शोभना बाई, अमरोतिरन ध्रुव, येश्वरी साहू, डिगेश कुमार, वीणा साहू, कुंती बाई साहू, भेदुदास माणिकपुरी, पंचायत आपरेटर नेहरू साहू, युवा साथी साकेत, धनंजय ध्रुव, सोमू, प्रखर, नोमेन्द्र, साहू गिरजाशंकर साहू उपस्थित रहे।

# सरकड़ा विद्यालय में नीम, अमरूद शीशम व अशोक के रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान एक पेड़ मां के नाम अभियान पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संकल्पवान होकर आज ग्राम पंचायत सरकड़ा द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला सरकड़ा में 'हर पौधा बने पेड़, हर व्यक्ति बने प्रहरी' संकल्प के साथ सामुहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया। इसमें नीम, अमरूद, शीशम, अशोक, पीपल और करोंदा के पौधों को सामूहिक रूप से रोपा गया। साथ ही ग्राम पंचायत ने पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक प्रेरणादायी पहल की है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कीर्तिलता दीवान कहा ही पेड़ लगाना हम सबकी जिम्मेदारी हैं ताकि गांव हराभरा और खुशहाल बना रहे साथ ही उसका संरक्षण के लिए ट्री गार्ड एवं रख- रखाव की व्यवस्था कर उसको बड़ा करने की बात कही। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विरेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेकर एक पेड़ मां के नाम लगाकर धरती को हरा- भरा बनाएं ताकि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो और ये अभियान निरंतर जारी रखने की तथा दूसरे को प्रेरित करने की बात कही। आगे कार्यक्रम को मदन निषाद कहा कि जिस प्रकार माँ अपने बच्चे को बड़ा करने तक पालती-पोषिति हैं उसी प्रकार हमें भी लगाये गए वृक्षों पालन पोषण करना होगा ताकि ग्रामवासियों को शुद्ध हवा मिल सके और विभिन्न प्रकार के बीमारियों से बचा जा सके। उक्त कार्यक्रम में ग्राम के उपसरपंच महेश्वर साहू, सचिव उमा साहू, पंच यादराम साहू, शेष दीवान, उत्तरा दीवान, युगल साहू, मीना साहू, दशमत निषाद, बल्ला दीवान, भगवती कंवर, धनेश्वरी कंवर, रेशम बाई, दानेश्वरी निषाद, उर्वशी कंवर, विष्णु कंवर, दिव्या भारती कंवर, हुमन साहू, मोहनी निषाद, रमा बाई कंवर, पीताम्बर निषाद सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।






**आम, जाम, नीम, पीपल, बेल, इमली व आंवला के पौधे रोपे**

# सीआरपीएफ ने पौधा रोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किलो मीटर दूर कुल्हाड़ीघाट पुलिस कैंप में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 65 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिवर्ज पुलिस बल के एफ/समवाय द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है तथा सभी जवानो ने पर्यावरण संरक्षण की कसम खाई है। विदित रहे कि कुल्हाडीघाट एक अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र है तथा यहाँ लगातार कुछ ना कुछ नक्सल गतिविधियाँ होती रहती है तथा समवाय का इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने में अहम योगदान जारी है। वाहिनी समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे सिविक एक्सन प्लान, मुफ्त चिकित्सा शिविर तथा रोजगार मार्गदर्शन शिविर लगाकर लोगो को मुख्याधारा में जोडने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके साथ ही वाहिनी के सभी कार्मिको ने पर्यावरण संरक्षण का भी बीडा उठाया है तथा शपथ ली है कि वे आजीवन पर्यावरण उत्थान के लिए निरंतर हर संभव प्रयास करते रहेगे इस दौरान एफ/65 समवाय के सहा0 समादेष्टा सुधीर कुमार निरीक्षक लवकुश कुमार पाण्डेय तथा समवाय के सभी कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एफ/65 समवाय के सहा. समादेष्टा सुधीर कुमार ने बताया कि क्रेंन्द्रीय रिवर्ज पुलिस बल एफ/65 बटालियन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इससे निश्चित रूप से पर्यावरण बचाव में काफी मदद मिलेगी। उन्होने कहा की गांव में भी 400 से ज्यादा पौधो का वितरण किया गया है जहां ग्रामीण पौधे लगा रहे है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह हुआ पौधा रोपण कार्यक्रम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज मैनपुर क्षेत्र में जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया और अस्पताल, ग्राम पंचायत, शासकीय कार्यालयों में पौधा रोपण किया गया। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव के नेतृत्व में भी पौधा रोपण किया गया और इसकी सुरक्षा की शपथ लिया गया। वहीं दूसरी ओर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम घूमरगुड़ा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज आदर्श ग्राम पंचायत घुमारगुड़ा में ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम जनपद पंचायत देवभोग द्वारा आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत देवभोग के अध्यक्ष श्रीमती पदमालय सुशील निधि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती रजनी देवेंद्र ठाकुर ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सभापति शंकर लाल नागेश , जनपद सभापति देवेन्द्र ठाकुर ,जनपद सभापति गजेंद्र सोम, जनपद सभापति नवनीत कश्यप , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुशील निधि, सरपंच संघ अध्यक्ष पवन यादव, सीईओ जनपद पंचायत देवभोग रवी सोनवानी एवं नगर पंचायत देवभोग सीएमओ सोनी ग्राम पंचायत सचिव मदनलाल नायक रहे उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सभा को संबोधित करते हुए मोर गांव मोर पानी अभियान एवं विश्व पर्यावरण दिवस के विषय में जानकारी देते हुए पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया ग्राम घूमरगुड़ा के अमृत सरोवर तालाब के मेड में आम, जाम, नीम, पीपल, बेल, इमली, आंवला का पौधा लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्राम वासियों को शपथ दिलाया गया कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अलावा गांव की महिला समूह , मितानिन दीदीयो, युवा टीम एवं गांव के वरिष्ठ लोगों ने भी वृक्षारोपण किए।






